हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, मंगलवार 10 फरवरी 2026

तापमान
अधिकतम 26.3 डिग्री
न्यूनतम 6.4 डिग्री

14 निरक्षरता के कलंक को मिटाने में जुटे विद्यार्थी



14 एसपीओ की टीम ने छात्राओं को सुरक्षा के प्रति...



## पिहोवा से माता वैष्णो देवी कटरा के लिए सीधी बस सेवा होगी शुरू

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि अब माता वैष्णो देवी कटरा के लिए सीधी बस सेवा को शुरू किया गया है। रोडवेज विभाग ने हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष कृष्ण मिड्ढा के निर्देश और नागरिकों की मांग को देखते हुए कटरा और अरुणाय अस्पताल के लिए सीधी बस सेवा को आरम्भ किया गया है। उन्होंने कहा कि कटरा के लिए जाने वाली बस सुबह 5:20 बजे पूंडरी से चलकर 6 बजे पिहोवा और 7 बजे कुरुक्षेत्र से रवाना होगी। इस बस की रात को 2 बजे पूंडरी के लिए रवानगी की जाएगी। इस रूट के लिए दो बसों को नियुक्त किया गया है। उन्होंने कहा कि दोनों रुटों के लिए नागरिकों की बसों को चलाने के लिए मांग को रखा था।

### विस उपाध्यक्ष मिड्ढा ने दिए थे निर्देश

विधानसभा के उपाध्यक्ष कृष्ण मिड्ढा ने पिहोवा में हुई समीक्षा बैठक के लिए निर्देश दिए थे। पिहोवा से थानेसर वाया सीएचसी अरुणाय, तलहेडी, सुरमी, बखथला के लिए शुरू की गई। इस रूट पर पिहोवा से सुबह 7:30 बजे, 11 बजे, दोपहर 2:50 बजे थानेसर के लिए वाया सीएचसी अरुणाय, तलहेडी, सुरमी, बखथला के लिए चलाया जाएगा। इस रुट पर थानेसर से सुबह 9 बजे, दोपहर 1 बजे और सायं 4 बजे पिहोवा के लिए वाया बखथला, सुरमी, तलहेडी, सीएचसी अरुणा के लिए चलाया जाएगा।

# विद्यार्थियों ने जाना योग और संतुलित आहार का महत्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

राजकीय महाविद्यालय घरौंडा में महर्षि दयानन्द सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के उपलक्ष्य में चल रहे विशेष अभियान के अंतर्गत आयुष विभाग करनाल की ओर से सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में योग, आयुर्वेद एवं स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। आयुष विभाग करनाल से आए योग सहायक मुकेश शर्मा एवं अंजू रानी ने महाविद्यालय प्रांगण में विद्यार्थियों को सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया। योग सहायक अंजू रानी ने स्वयं सूर्य नमस्कार के 12 आसनों का प्रदर्शन करते हुए प्रत्येक आसन की विधि एवं महत्व को सरल शब्दों में समझाया तथा विद्यार्थियों से भी अभ्यास करवाया। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ योगाभ्यास में भाग लिया।

**राजकीय महाविद्यालय घरौंडा में कार्यक्रम**

### योग सहायक मुकेश शर्मा ने विस्तार से जानकारी दी

योग सहायक मुकेश शर्मा ने सूर्य नमस्कार के शारीरिक एवं मानसिक लाभों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि सूर्य नमस्कार के 12 आसन संपूर्ण शरीर के लिए एक संपूर्ण व्यायाम हैं, जो शारीरिक लचीलापन बढ़ाने, पाचन तंत्र को मजबूत करने, वजन नियंत्रण तथा मानसिक संतुलन बनाए रखने में सहायक होते हैं। नियमित रूप से सूर्य नमस्कार करने से तनाव कम होता है और व्यक्ति ऊर्जावान महसूस करता है। शर्मा ने आयुर्वेद के अनुसार संतुलित आहार के महत्व पर भी जानकारी दी।

**सूर्य नमस्कार के 12 आसन संपूर्ण शरीर के लिए एक संपूर्ण व्यायाम**



**सात्विक आहार मन को शांत, प्रसन्न और एकाग्र रखने में सहायक**

मुकेश शर्मा ने बताया कि संतुलित आहार शरीर के तीनों दोष-वात, पित्त और कफ-को संतुलित करता है तथा पाचन अग्नि को प्रबल बनाता है। इससे रोग-प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और शरीर निरोगी रहता है। संतुलित आहार का अर्थ केवल पोषण लेना नहीं, बल्कि सही समय पर, सही मात्रा में और प्रकृति के अनुरूप सात्विक, ताजा एवं गर्म भोजन करना है पोषक तत्वों से भरपूर और आसानी से पचने वाला भोजन शरीर को मजबूत बनाता है तथा रोगों से लड़ने की क्षमता को बढ़ाता है। सात्विक आहार मन को शांत, प्रसन्न और एकाग्र रखने में सहायक होता है, जिससे शारीरिक ही नहीं बल्कि मानसिक स्वास्थ्य भी बेहतर रहता है।

### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

इस अवसर पर श्री गुरनाम मलिक, डॉ. देवेंद्र कुमार, डॉ. राकेश कुमार, डॉ. सुरेश शर्मा, सचिन पटेल, शुभम शर्मा, नवीन, कुमारी नीतू, कुमारी मनीषा सहित अन्य स्टाफ सदस्यों ने विद्यार्थियों के साथ मिलकर योगाभ्यास किया। महाविद्यालय प्रशासन ने आयुष विभाग करनाल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करते हैं और योग व आयुर्वेद की भारतीय परंपरा से जोड़ने का कार्य करते हैं। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने नियमित योग एवं संतुलित आहार अपनाने का संकल्प लिया।

## खबर संक्षेप

### अंबाला में बिजली अदालत का आयोजन

**अंबाला।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम अंबाला शहर के अधीक्षक अभियंता यूएचबीवीएन कार्यालय में 10 फरवरी 2026 को अधीक्षक अभियंता विनोद कुमार गोयल की अध्यक्षता में प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक बिजली अदालत का आयोजन किया जाएगा। कोई भी उपभोक्ता अपनी बिजली से संबंधित शिकायत यहां रख सकता है। इसमें सभी उपभोक्ताओं की शिकायतों का समाधान का प्रयास किया जाएगा

### जानलेवा हमला करने के केस में दो गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी में दर्ज जानलेवा हमला करने तथा जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी मानव व रितिक को गिरफ्तार किया है। डेहा मंडी के तिलक राज ने 7 फरवरी 2026 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 06 फरवरी 2026 को आरोपी मानव, रितिक व अन्य ने उस पर जान लेवा हमला करते हुए जान से मारने की धमकी दी है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

### पांच साल की बच्ची के पेट से कील निकाली

**पानीपत।** गैस्ट्रोएंटरोलॉजिस्ट डॉ. माधव ने पांच साल के बच्चे के पेट से उसकी आंत में फंसी नूकीली कील बिना सर्जरी के निकाल कर बच्चे को नया जीवन दिया है। हालांकि पीडित परिवार बच्चे को लेकर तीन अस्पतालों में गया, मामले को गंभीर देख उन्होंने बच्चे का उपचार नहीं किया। जबकि डॉ माधव ने एंडोस्कोपिक रिमूवल का प्रयोग कर बच्चे का पेट कटने से बचाया।

### अवैध हथियार सहित तीन आरोपी पकड़े

**पानीपत।** आठ मरला चौकी पुलिस ने एनएफएल नाका पर स्पलेंडर बाइक सवार तीन युवकों मुबसीर पुत्र मुदसीर व शादिक पुत्र दीनू निवासी कुटानी रोड अशोक विहार व सौरभ पुत्र प्रवीण निवासी हनुमान कॉलोनी बेरी वाली मस्जिद को अवैध एक देसी पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया है। चौकी प्रभारी बिजेंद्र ने बताया कि आरोपियों को खिलाफ थाना माडल टाउन में ऑर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया गया है। जबकि आरोपियों के साथियों की जानकारी लेकर उन्हें पकडने के लिए आरोपी मुबसीर को एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है।

### डंफर दूल्हे की गाड़ी पर पलटा, बाल-बाल बचे

जींद। जींद के कैथल रोड बाईपास एप्रोच रोड पर रोड़ी से भरा डंफर दूल्हे की गाड़ी पर पलट गया। जिसमें कार दूल्हा व दुल्हन समेत तीन लोग बाल-बाल बच गए। जबकि चालक मामूली तौर पर घायल हो गया। जिसे नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। राजाखेड़ी (पानीपत) निवासी विजय दुल्हन दड़बा कलां (सिरसा) निवासी स्नेहा,भाई मनोज, चाचा करण के साथ कार से वापस घर लौट रहे थे। कैथल रोड बाईपास अप्रोच रोड पर साइड में कार खड़ी कर बारात की दूसरी गाडियों को इंतजार कर रहे थे।

### अपराध अन्वेषण शाखा-एक की टीम ने गुप्त सूचना पर की कार्रवाई

# कुरुक्षेत्र में गोतस्करी रोकने के दौरान पुलिस-तस्करों में मुठभेड़, फायरिंग

*पुलिस ने जवाबी कार्रवाई में कैंटर को रोकने के लिए टायर की दिशा में गोलियां चलाईं, इसके बावजूद तेज रफ्तार और अंधेरे का फायदा उठाकर तस्कर फरार हो गए, तलाश में जुटी पुलिस*

**» गांव सुनारियां के पास पुलिस को कैंटर आता दिखा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

पुलिस की अपराध शाखा एक व गोतस्करों के बीच बाबैन-सुनारियां रोड पर मुठभेड़ हो गई। तस्करों ने पुलिस पर फायरिंग की, जबकि पुलिस ने जवाबी कार्रवाई में कैंटर को रोकने के लिए टायर की दिशा में गोलियां चलाईं। इसके बावजूद तेज रफ्तार और अंधेरे का फायदा उठाकर तस्कर फरार हो गए। शनिवार देर रात पुलिस को सूचना मिली थी कि शा हा बा द के पास से एक कैंटर में गोवंश भरकर ले जाए जा रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस की अपराध शाखा-एक की टीम अलर्ट हो गई और बाबैन-सुनारियां रोड पहुंची। गांव सुनारियां के पास आगे सामने से आते कैंटर को देख पुलिस ने रुकने का संकेत दिया, लेकिन चालक ने रुकने के बजाय तेज रफ्तार से पुलिस वाहन को टक्कर मारने की कोशिश की। पुलिस चालक ने सूझबूझ से गाड़ी बचाई और पीछा शुरू किया।

**पुलिस वाहन को टक्कर मारने की कोशिश की**

**पुलिस बोली-कैंटर में नंबर प्लेट भी स्पष्ट नहीं थी**



**कुरुक्षेत्र।** पुलिस की अपराध शाखा एक और गोतस्करों के बीच बाबैन-सुनारियां रोड पर हुई मुठभेड़ के बाद जिले में चेकिंग अभियान चलाती पुलिस।

गुप्त सूचना पर पुलिस ने जवाबी कार्रवाई में कैंटर के टायरों पर गोलियां चलाईं, लेकिन तस्कर अपनी गाड़ी को भगा ले गए। बाबैन थाने में आर्म्स एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर उनकी तलाश जारी है।

### पुलिस सायरन पर भी न रूके

कैंटर का पिछला डाला खुला होने से अंदर गोवंश भरे होने की पुष्टि हुई, हालांकि नंबर प्लेट स्पष्ट नहीं थी। पुलिस ने सायरन बजाकर वाहन रोकने का प्रयास किया, लेकिन चालक ने रास्ता नहीं दिया। इसी दौरान कैंटर में सवार एक तस्कर ने पिस्तौल निकाल कर पुलिस पर दो से तीन राउंड फायर कर दिए। जवाब में पुलिस टीम ने भी कैंटर के टायर की दिशा में दो राउंड फायर किए। इसके बाद तस्कर कैंटर को अंधेरे का लाभ उठाकर फरार हो गए। थाना बाबैन पुलिस में अज्ञात तस्करों के खिलाफ आर्म एक्ट, हरियाणा गोवंश संरक्षण, गोहत्या निषेध अधिनियम सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है।

### तस्कर ने पुलिस पर दो से तीन राउंड फायर किए

शनिवार देर रात गोतस्करों की सूचना मिली थी, जिस पर कार्रवाई करते हुए उनकी एक टीम मौके पर पहुंची। कैंटर को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन तस्करों ने कैंटर भगा लिया। उन्होंने टीम पर दो से तीन राउंड फायरिंग की, जिस पर टीम ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए दो रांउड फायर किए। हालांकि तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए, लेकिन उनके खिलाफ बाबैन थाना में मामला दर्ज कर लिया गया है और तलाश जारी है।

*- पीएसआई जसबीर सिंह, प्रभारी, अपराध अन्वेषण शाखा-एक*

### साइबर सेल की बड़ी कामयाबी मिली

## 6.38 लाख की कीमत के 100 गुमशुदा फोन बरामद



**अंबाला।** मालिकों को उनके मोबाइल फोन सौंपते एएसपी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

साइबर सेल की टीम ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए विभिन्न स्थानों से गुम हुए 100 मोबाइल फोन ढूंढ निकाले । बरामद किए गए इन स्मार्टफोंस की कुल अनुमानित कीमत लगभग 16 लाख 38 हजार रुपये बताई जा रही है। पुलिस कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान एएसपी उत्तम ने मोबाइल मालिकों को उनके फोन सौंपे। अपने खोए हुए कीमती मोबाइल वापस पाकर लोगों के चेहरे खुशी से खिल उठे।

### पुलिस का धन्यवाद किया

मोबाइल मालिकों ने साइबर सेल की कार्यकुशलता की सराहना करते हुए पुलिस टीम का धन्यवाद किया। इस अवसर पर एएसपी ने नागरिकों से अपील की कि मोबाइल गुम होने की स्थिति में घबराएं नहीं, बल्कि सरकार द्वारा जारी सीईआईआर पोर्टल पर तुरंत अपनी शिकायत दर्ज कराएं। यह पोर्टल गुम या चोरी हुए मोबाइल को ब्लॉक करने और उन्हें ट्रैक करने में बेहद मददगार है। मोबाइल गुम होते ही तुरंत संबंधित टेलीकॉम कंपनी से संपर्क कर अपनी सिम बंद कराएं। सिम ब्लॉक कराने के बाद अपनी नई डुप्लीकेट सिम निकलवाएं।

### कार की टक्कर से घायल की युवक की मौत

**पानीपत।** एनएफएल कट के पास कार की टक्कर लगने से घायल हुए अरविंद कुमार निवासी राज नगर, पानीपत की पीजीआई रोहतक में उपचार के दौरान मौत हो गई। इधर, हुडा सेक्टर-29 थाना पुलिस ने पीजीआई में पोस्टमार्टम कराने के बाद अरविंद का शव उसके परिजनों को सौंप दिया। वहीं, मृतक के भाई विनोद कुमार की शिकायत पर पुलिस ने एचआर05एएस5566 के अज्ञात चालक पर गैर इरादन हत्या के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## कुवि कुलगुरु प्रो. सचदेवा को आउटस्टेंडिंग वाइस चांसलर ऑफ इंडिया अवार्ड मिला




**कुरुक्षेत्र।** अवार्ड प्राप्त करते कुवि के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा को भारतीय एजुकेशन नेटवर्क द्वारा 7 फरवरी 2026 नई दिल्ली में आयोजित 15वें इंडिया एजुकेशन समिट-2026 में आउटस्टैंडिंग वाइस चांसलर ऑफ इंडिया अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह प्रतिष्ठित सम्मान भारतीय एजुकेशन नेटवर्क द्वारा उच्च शिक्षा के क्षेत्र में कुवि कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के उत्कृष्ट नेतृत्व, नवाचार एवं शैक्षणिक विकास में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया। इस सम्मान को शौभित विश्वविद्यालय के चांसलर कुंवर शेखर विजेंद्र, एआईसीटीई के मुख्य समन्वय अधिकारी तथा इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर स्किल्स काउंसिल ऑफ इंडिया, ईएसएससीआई के कार्यवाहक प्रमुख सहित देशभर के अनेक प्रतिष्ठित शिक्षा विशेषज्ञों एवं कुलपतियों की उपस्थिति में प्रदान किया गया।

### यह सम्मान देशभर के 15 कुलपतियों को मिला

यह सम्मान देशभर से चयनित 15 कुलपतियों को प्रदान किया गया। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने अवार्ड मिलने पर कहा कि उनकी यह उपलब्धि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के लिए गर्व का विषय है और इससे विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठा और अधिक सुदृढ़ हुई है। विश्वविद्यालय परिवार ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा को बधाई देते हुए इसे विश्वविद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता और नेतृत्व क्षमता का प्रमाण बताया।

### दोषी पर दो लाख जुर्माना भी ठोंका

## पानीपत में मादक पदार्थ तस्कर को 20 साल कैद

**पानीपत।** असिस्टेंट सेशन जज कम फास्ट ट्रेक कोर्ट एनडीपीएस योगेश चौधरी की अदालत ने मादक पदार्थ की तस्करी के आरोपी नरेश कुमार पुत्र मंशाराम निवासी गांव रिशपुर जिला पानीपत को दोषी करार दिया है। वहीं जज चौधरी की कोर्ट ने नरेश को 20 साल के कठोर कारावास की सजा दी। वहीं नरेश पर दो लाख रूपये का जुर्माना भी किया। जुर्माना नहीं देने पर नरेश को दो साल का अतिरिक्त कारावास भोगना होगा। वहीं, प्रदेश सरकार की ओर से सरकारी वकील कुलदीप ढुल ने आरोपी नरेश के खिलाफ सशक्त पैरवी की। स्मरणीय है कि पानीपत पुलिस की सीआईए वन ने नरेश कुमार को 29 नवंबर सन्‌ 2019 को 55 किलोग्राम गांजा पत्ती के गिरफ्तार किया था। वहीं आरोपी पर थाना सनौली खुर्द में 20 एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया गया था। इधर, आरोपी नरेश कुमार जमानत पर था। जज चौधरी द्वारा सजा सुनाए जाने के साथ ही पुलिस ने नरेश को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### पुलिस ने पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की बात कही

## अंबालाः पीजी के बाहर मृत मिले लखनऊ के युवक के सिर पर गहरी चोट का जख्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

**मृतक राहुल के पिता एयरफोर्स में कार्यरत**

अंबाला-जगाधरी हाईवे स्थित लेखी कॉम्पलेक्स के बाहर शुक्रवार सुबह मृत मिले लखनऊ के बाहौली स्थित बक्शी का तालाब के राहुल मिश्रा का पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंपा जा चुका है। फोरेंसिक एक्सपर्ट सहित तीन डॉक्टरों के बोर्ड से हुए पोस्टमार्टम में मृतक के सिर में भी फ्रेक्चर पाया गया है। हालांकि मौत का असल कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही होगा। महेश नगर थाना पुलिस की शुरूआती जांच में यह हादसा प्रतीत हो रहा है। राहुल अपने पीजी की दूसरी मंजिल पर होगा कि अचानक वो गिर गया होगा। गिरने के कारण ही मुंह व नाक से खून निकला होगा। पुलिस ने मृतक के पिता विनोद कुमार मिश्रा के बयान पर इत्तेफाकन मौत की कार्रवाई कर शव परिजनों को सौंप दिया। महेश नगर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर जितेंद्र ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के असल कारणों का खुलासा हो पाएगा।

**» फोरेंसिक एक्सपर्ट सहित तीन डॉक्टरों ने पोस्टमार्टम किया**

राहुल पीजी में रहता था। पीजी के बाहर व आसपास कोई सीसीटीवी नहीं था जिसमें यह रिकॉर्ड हो गया हो। राहुल बैल कंपनी में कार्यरत था। मृतक के पिता विनोद कुमार मिश्रा एयरफोर्स में कार्यरत है। मृतक का एक छोटा भाई भी है।

### कुरुक्षेत्र के दो खिलाड़ियों ने बढ़ाया जिले का मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

युवरानी एथलेक्टिस समिति अलवर राजस्थान की तरफ से 6 व 7 फरवरी को राजऋषि कॉलेज अलवर में 21वीं ओपन नेशनल चैम्पियनशिप का आयोजन किया गया।

इस राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में कुरुक्षेत्र के 70 वर्षीय खिलाड़ी सुभाष चंद्रा और 65 वर्षीय खिलाड़ी बीरभान राणा ने 5 मेडल जीते हैं। इन खिलाड़ियों का कुरुक्षेत्र पहुंचने पर भारतीय खेल प्राधिकरण की तरफ से स्वागत किया गया और सम्मानित भी किया गया।

### 21वीं ओपन नेशनल एथलेटिक्स चैम्पियनशीप में दिखाया दम

## 70 वर्षीय सुभाष चंद्रा ने दो गोल्ड सहित तीन मेडल और 65 वर्षीय खिलाड़ी बीरभान ने जीते दो पदक

**» दोनों खिलाड़ियों का भारतीय खेल प्राधिकरण कुरुक्षेत्र में पहुंचने पर जोरदार स्वागत**

राजस्थान अलवर में युवरानी एथलेटिक्स समिति की तरफ से आयोजित 21वीं ओपन नेशनल चैम्पियनशीप में कुरुक्षेत्र के 70 वर्षीय खिलाड़ी सुभाष चंद्रा ने लॉग जम्प में 4.32 मीटर छलांग लगाकर प्रथम स्थान हासिल किया। इसके अलावा ट्रप्पल जम्प में 7.95 मीटर जम्प लगाकर प्रथम स्थान हासिल किया और 22.33 मीटर हैमर थ्रो फैंककर द्वितीय स्थान हासिल किया। कुरुक्षेत्र के ही 65 वर्षीय खिलाड़ी बीरभान राणा ने 5 किलोमीटर वॉक में द्वितीय



स्थान हासिल किया तथा लॉग जम्प 3 मीटर छलांग लगाकर तीसरा स्थान हासिल किया। एथलेक्टिस के राष्टीय खिलाड़ी सुभाष चंद्रा व बीरभान राणा का भारतीय खेल प्राधिकरण कुरुक्षेत्र में पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया। इन खिलाड़ियों को साई के सहायक निदेशक बाबूराम रावल, जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी डा. नरेंद्र सिंह, जिला खेल अधिकारी मनोज कुमार, सीनियर कोच कुलदीप सिंह वडैच, सेवानिवृत डीएसओ यशवीर सिंह, हॉकी के सेवानिवृत चीफ कोच गुरविंद्र सिंह, हॉकी कोच नरेंद्र ठाकुर, सोहन लाल, समाज सेवी विनोद गर्ग, समाज सेवी बलराज ग्रेवाल, समाज सेवी नरेश सैनी ने स्वागत किया और मेडल पहनाकर सम्मानित किया। इस मौके पर समाज सेवी अजैब सिंह, अमित कुमार, चांद राम सहित अन्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### उत्सव में हीरामल जमाल सांग का मंचन

**करनाल।** श्री सनातन धर्म शिव मंदिर सभा की ओर से महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में रामलीला मैदान में आयोजित सांग उत्सव में सोमवार को हीरामल जमाल सांग का मंचन किया गया। सांगी विष्णु पहलवान और उनकी टीम ने हीरामल जमाल की कथा का सजीव मंचन किया, जिसमें मां-बाप की आज्ञा पालन और सच्ची दोस्ती का संदेश दिया गया। कहानी में दिखाया गया कि हीरामल देर रात घूमने और गलत संगत के कारण पुलिस द्वारा पकड़ा जाता है, लेकिन उसके माता-पिता उसकी जमानत नहीं कराते।

### हड़ताल में शामिल होंगे रिटायर्ड कर्मचारी

**करनाल।** रिटायर्ड कर्मचारी संघ की ब्लॉक इन्द्री की बैठक पंचायत घर मटक माजरी में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता खंड प्रधान डॉ. बलवान सिंह ने की और संचालन खंड सचिव प्रेमपाल चंदेल ने किया। बैठक में डॉ. पृथ्वीराज खेड़ा, ओमप्रकाश वर्मा, धर्मराज, जियालाल, धनीराम, गुरदयाल, विजयपाल, ताराचंद सैनी, मनोहर लाल व बलराज सिंह विशेष रूप से मौजूद रहे। इस दौरान कामूटेशन, इन्क्रीमेंट, वित्त विधेयक और 22-23 फरवरी को कुरुक्षेत्र में होने वाले राष्ट्रीय सम्मेलन के आर्थिक सहयोग पर चर्चा की गई।

### बाबा राम दास विद्यापीठ में हुई विदाई पार्टी

**करनाल।** बाबा राम दास विद्यापीठ कुलवेहड़ी में 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों का विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत 11वीं कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा तिलक लगाकर स्वागत से हुई। विद्यापीठ के चेयरमैन वैद्य देवेन्द्र बतरा ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर मैनेजर साबिया बतरा, यश बतरा और प्रधानाचार्या नीनू चांदना भी मौजूद रहीं।

### नगरपालिका कर्मचारी संघ ने किया प्रदर्शन

**करनाल।** नगरपालिका कर्मचारी संघ की करनाल इकाई ने हरियाणा के सरकारी, अर्धसरकारी विभागों और निजी क्षेत्र में काम करने वाले सफाई कर्मचारियों की मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। नगर निगम के बाहर बैठक करने के बाद कर्मचारी नारेबाजी करते हुए विधायक निवास पहुंचे और वहां विधायक प्रतिनिधि को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन की अगुवाई जिला प्रधान सुभाष प्रोचा और इकाई प्रधान राजकुमार ने की। संचालन इकाई सचिव राजिंद्र ने किया।

### महर्षि दयानंद सरस्वती के जन्मोत्सव पर निकाली रैली

**करनाल।** आर्य केंद्रीय सभा करनाल द्वारा महर्षि दयानंद सरस्वती जी के जन्मोत्सव एवं बोधोत्सव की सूचना देने हेतु विशेष वाहन रैली आर्य समाज मंदिर सेक्टर-6 से महामंत्री स्वतंत्र कुकरेजा एवं ओपी सचदेवा के नेतृत्व में निकाली गई। रैली को सभा के प्रधान आनंद सिंह आर्य ने ध्वज दिखाकर रवाना किया। रैली में सैकड़ों की संख्या में स्कूटर, मोटरसाइकिल, कार, जीप व अन्य वाहन ओम ध्वज से सुसज्जित होकर करनाल के मुख्य मार्गों से गुजरे। रैली का स्वागत आर्य समाज सेक्टर-13, रमेश नगर, सदर बाजार आदि स्थानों पर हुआ।

## स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर युवा देश के विकास में दें योगदानः रामलाल

# अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी से ही होता है अच्छे समाज का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल

**विद्यार्थियों को अनुशासन, नैतिक मूल्यों एवं सामाजिक जिम्मेदारी का महत्व समझाया**

डीएवी पीजी कॉलेज में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर के दूसरे दिन का आयोजन सामाजिक जागरूकता विषय पर विभिन्न गतिविधियों के साथ किया गया। चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद के कुलपति प्रोफेसर डॉ रामपाल सैनी व मुख्य अतिथि के रूप में थाना सिविल लाईन करनाल के इंचार्ज इंस्पेक्टर रामलाल दोनों अतिथियों का एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ पूनम वर्मा, रेड क्रॉस सेल के संयोजक डॉ बलराम शर्मा, डॉ प्रतिभा व अन्य सदस्यों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। प्राचार्य प्रो. डॉ. रामपाल सैनी ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को अनुशासन, नैतिक मूल्यों एवं सामाजिक जिम्मेदारी का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि एनएसएस केवल गतिविधि नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण का माध्यम है, जो युवाओं को एक जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि एनएसएस से एक विद्यार्थी के अंदर देश के प्रति सामाजिक जिम्मेदारी की भावना की भी विकास होता है। डॉ. आरपी सैनी ने कहा कि आज के समय में विद्यार्थियों को केवल किताबी ज्ञान तक सीमित रहना पर्याप्त नही हैं, बल्कि उन्हें सामाजिक, नैतिक और मानवीय मुल्यों से भी जुडन्ना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य विद्यार्थियों को जिम्मेदार, जागरूक और संवेदनशील नागरिक बनाना है। मुख्य अतिथि इंस्पेक्टर रामलाल ने नशा मुक्ति विषय पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने युवाओं को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और समाज में जागरूकता फैलाने का संदेश दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को नशे से बचने, दूर रहने और अच्छे नागरिक बनकर सम्मान से जीवन जीने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर डॉ. बलराम शर्मा, डॉ. प्रतिभा, डॉ. जितेंद्र चौहान, डॉ. रेखा चौधरी, डॉ. मनीषा, डॉ. मीनू, डॉ. राधिका, डॉ. मोनिका, कमलप्रीत, वीरेंद्र, दीपक, अमित , शशि व अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।







**करनाल।** संबोधित करते हुए एसएचओ रामलाल व सम्मानित करते हुए कुलपति प्रोफेसर डॉ रामपाल सैनी। *फोटो: हरिभूमि*

### स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद के कुलपति एंव कॉलेज प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. रामपाल सैनी व एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ पूनम वर्मा ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. रमा, डॉ. टीना ने विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया, जिसमें स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके अतिरिक्त स्वयंसेवकों ने स्लम क्षेत्र में जाकर स्वच्छता अभियान चलाया और आसपास के वातावरण को साफ रखने का संदेश दिया।

### नशे की लत करती जीवन को बर्बाद

इंस्पेक्टर रामलाल ने कहा कि एक बार जो नशे की गिरफ्त में आ जाता है वह अपनी सम्पत्ति, धन-दौलत, परिवार सबकुछ बर्बाद कर बैठता है और अंत में कुछ भी नहीं बचता सबकुछ नष्ट हो जाता है। डॉ. प्रदीप गर्ग जी (चिकित्सक) ने एचआईवी एड्स पर महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने इसके कारण, लक्षण, बचाव एवं समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करने पर जोर दिया तथा स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी। डॉ. पवन शर्मा जी, एसोसिएट प्रोफेसर, दयाल सिंह कॉलेज ने समकालीन सामाजिक मुद्दों पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने युवाओं की भूमिका, सामाजिक चुनौतियों एवं सकारात्मक बदलाव के लिए जागरूक नागरिक बनने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पूनम वर्मा ने स्वयंसेवकों को सेवा, सहयोग और नेतृत्व की भावना के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया।



इंद्री। हलके के लोगों की समस्याएं सुनते विधायक रामकुमार कश्यप।

# विधायक ने सुनीं हलके के लोगों की समस्याएं, दिए जरूरी निर्देश

- सिंचाई विभाग के विश्राम गृह में जनसुनवाई कार्यक्रम में जनता दरबार लगाकर विधायक ने जाना लोगों का दर्द

हरिभूमि न्यूज ⏭इंद्री

विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप ने सिंचाई विभाग के विश्राम गृह में जनसुनवाई कार्यक्रम में जनता की समस्याएं सुनी तथा फोन के माध्यम से अधिकारियों को इन समस्याओं के जल्द समाधान के निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि हर सोमवार को आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में हलके के लोग बड़ी संख्या में अपनी समस्याएं और शिकायतें लेकर आते हैं। उनका यही प्रयास रहता है कि लोगों की समस्याओं का जल्द समाधान हो,जिससे उन्हें सरकार द्वारा चलाई जा रही सुविधाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने आमजन से अपील की कि जिस गांव में कोई समस्या हो, उसे तुरंत उनके संज्ञान में लाया जाए ताकि उसका त्वरित समाधान हो सके। इस अवसर पर राम मेहर, सेठपाल वर्मा, रमन सैनी, ओम प्रकाश, अमित, शिव कुमार, हरविन्द्र, चन्द्र भान, बलिन्द्र, मनजीत, सुभाष व अनुराग सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### जन सुनवाई

जन सुनवाई कार्यक्रम के दौरान बीबीपुर निवासी शिवकुमार ने प्लाट की निशानदेही बारे, डेरा हलवाना निवासी मीना ने आर्थिक सहायता बारे, रामगढ़ छान्नों से आये ग्रामीणों ने पेयजल पाइप लाइन डलवाने बारे, जोहड़ माजरा निवासी अमरजीत ने रास्ते बारे, गढी गुजरान के ग्रामीणों ने एससी चौपाल बनवाने बारे, मटक माजरी से आये जगदीश चन्द्र ने पाइप लाइन डलवाने बारे सहित अन्य लोगों ने अपनी समस्याओं के समाधान बारे विधायक से अनुरोध किया। विधायक ने सभी लोगों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और सभी समस्याओं का शीघ्र समाधान करवाने का आश्वासन दिया।

# कर्मचारी संघ ने सौंपा ज्ञापन

- नगरपालिका कर्मचारी संघ के बैनर तले सफाई कर्माचारियों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल

नगरपालिका कर्मचारी संघ की करनाल इकाई ने हरियाणा के सरकारी, अर्धसरकारी विभागों व निजी क्षेत्र में काम करने वाले सफाई कर्मचारियों की मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। नगर निगम के बाहर मीटिंग करने के बाद कर्मचारी नारेबाजी करते हुए विधायक निवास के बाहर पहुंचे। यहां विधायक के प्रतिनिधि को सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा गया। प्रदर्शनकारी कर्मचारियों की अगुवाई जिला प्रधान सुभाष प्रोचा और इकाई प्रधान राजकुमार ने की। संचालन इकाई सचिव राजिंद्र ने किया। इस मौके पर सुभाष प्रोचा और राज कुमार ने कहा कि सरकार द्वारा ठेकेदारी प्रथा को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे कर्मचारियों का शोषण हो रहा है।



**करनाल।** मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए सफाई कर्मचारी। *फोटो: हरिभूमि*

### प्रदर्शन के दौरान ये रहे मौजूद

इस अवसर पर राज्य उपप्रधान राजिंद्र, राज्य कार्यकारिणी सदस्य विनोद प्रोचा, इकाई उपप्रधान धर्मवीर, राजीव, सह सचिव रवि प्रोचा, सरोज, मीना, ऑडिटर अमित, बिंद्र, जोनी, कैशियर नरेश अठवाल व मुकेश ने कर्मचारियों को संबोधित किया।

# कानूनी साक्षरता प्रतियोगिता में देवीपुरा स्कूल प्रथम

- प्रतियोगिता में करनाल, पानीपत एवं कैथल जिलों से लगभग 180 विद्यार्थियों ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭घरौंडा

राजकीय कन्या मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, रेलवे रोड करनाल में 7 व 8 फरवरी 2026 को जिला स्तरीय एवं मंडल स्तरीय कानूनी साक्षरता प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में करनाल, पानीपत एवं कैथल जिलों से लगभग 180 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों ने कुल 10 विभिन्न विधाओं में भाग लेकर सामाजिक कुरीतियों, कानूनी जागरूकता एवं समसामयिक विषयों पर अपनी प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा स्टाफ सिलेक्शन कमीशन के सदस्य कपिल अत्रेजा एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी करनाल इरम हसन ने शिरकत की, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी रोहताश वर्मा ने की। अतिथियों ने विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रमों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में कानून के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ सामाजिक जिम्मेदारियों को समझने में सहायक होती हैं। इन प्रतियोगिताओं में राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल देवीपुर ने जिला एवं मंडल स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। जिला स्तर की प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र प्रिंस यश एवं मानसी की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।




### दी बधाई

प्रधानाचार्य गजेंद्र कुमार ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों के हुनर और कौशल को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि कानूनी साक्षरता से विद्यार्थियों को अपने अधिकारों और कर्तव्यों की सही जानकारी मिलती है, जिससे वे एक जागरूक एवं जिम्मेदार नागरिक बन सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा और सभी ने विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की।

# बुजुर्गों की पेंशन बहाल नहीं की तो होगा प्रदर्शन

- भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) की जिला स्तरीय किसान पंचायत में मुख्यमंत्री को लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल

भाकियू प्रदेश अध्यक्ष रतनमान ने बुजुर्गों की काटी गई बुढ़ापा पेंशन को लेकर मुख्यमंत्री को फटकार लगाते हुए कहा कि सरकार जानबूझकर बुजुर्गों को परेशान कर रही है। जिसे भारतीय किसान यूनियन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार ने तुरंत सभी बुजुर्गों की पेंशन बहाल नहीं की तो पूरे प्रदेश में हल्ला बोल आंदोलन शुरू किया जाएगा। भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) की जिला स्तरीय किसान पंचायत सोमवार को दीनबंधु सर छोटूराम किसान भवन में आयोजित की गई। इस पंचायत की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह घुम्मन ने की। जबकि संचालन महासचिव सुरेंद्र बैनिवाल द्वारा किया गया। पंचायत में प्रदेश अध्यक्ष रतनमान विशेष रूप से उपस्थित रहे। भाकियू प्रदेश अध्यक्ष रतनमान ने कहा कि बुजुर्गों ने अपने पूरे जीवन में समाज और देश के लिए योगदान दिया है, लेकिन आज वही बुजुर्ग पेंशन के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की यह नीति न केवल अमानवीय है, बल्कि जनविरोधी भी है। यदि सरकार ने एक सप्ताह के भीतर बुढ़ापा पेंशन और करनाल रिंग रोड निर्माण से जुड़े मुद्दों का समाधान नहीं किया तो संगठन बड़े स्तर पर आंदोलन करने के लिए मजबूर होगा।



**करनाल।** नारेबाजी करते हुए किसान। *फोटो: हरिभूमि*

### धरना जारी

करनाल में निर्माणाधीन रिंग रोड पर रास्ता न दिए जाने के विरोध में गांव सोहाना में किसानों का धरना चौथे दिन भी जारी रहा। धरनास्थल पर प्रशासन और एनएचएआई के खिलाफ नारेबाजी की गई। किसानों ने साफ कहा कि जब तक सर्विस लेन नहीं बनाई जाती तब तक आंदोलन जारी रहेगा। धरने को आसपास के गांवों का समर्थन लगातार मिल रहा है। किसान नेताओं ने आरोप लगाया कि एनएचएआई और प्रशासन ने लिखित समझौते के बावजूद वादे पूरे नहीं किए। जिससे किसानों को आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ा।

# नशे के कारोबार की दें तुरंत सूचना

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल

पुलिस अधीक्षक करनाल के दिशा-निर्देशों के तहत जिला करनाल में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत नशा मुक्ति टीम द्वारा वार्ड नंबर-17 में युवाओं एवं आमजन को नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों तथा कानूनी परिणामों के बारे में गंभीरता से अवगत कराया गया। कार्यक्रम के दौरान नशा मुक्ति टीम के उप निरीक्षक सुखबीर सिंह ने उपस्थित युवाओं व आमजन को स्पष्ट शब्दों में कहा कि ड्रग्स एवं नशीले पदार्थ न केवल व्यक्ति की मानसिक एवं शारीरिक क्षमता को नष्ट करते हैं, बल्कि परिवार, समाज एवं राष्ट्र के लिए भी गंभीर खतरा हैं।



**करनाल।** नशा मुक्ति भारत अभियान के तहत लोगों को जागरूक करते हुए।

### नशे की लत करती है शरीर को खोखला

नशीले पदार्थों के ओवरडोज से व्यक्ति की मृत्यु तक हो सकती है, जबकि लंबे समय तक सेवन करने से संक्रमण,नसों की क्षति तथा असाध्य रोग उत्पन्न होते हैं। नशा व्यक्ति को मानसिक, शारीरिक एवं आर्थिक रूप से खोखला करता है तथा चोरी, लूट, हिंसा एवं अन्य अपराधों को जन्म देता है। नशा मुक्ति टीम ने युवाओं से दो टूक अपील करते हुए कहा कि ड्रग्स, नशीली दवाएं, गांजा, हेरोइन, स्मैक, चरस सहित किसी भी प्रकार के नशे से दूरी बनाए रखें। यदि कोई व्यक्ति नशे की तस्करी या अवैध बिक्री में संलिप्त पाया गया, तो उसके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। टीम ने यह भी स्पष्ट किया कि नशा एक घातक सामाजिक बुराई है, जो व्यक्ति को धीरे-धीरे अपराध की ओर धकेलती है।

# भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल

- संगठन सृजन अभियान के तहत वार्ड 16 में कांग्रेस ने की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल

जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा संगठन सृजन अभियान के तहत संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने के उद्देश्य से करनाल के वार्ड नंबर 16, जोन नंबर 4 में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जोन इंचार्ज एवं जिला उपप्रधान तरुण चौहान ने की। बैठक में जिला महासचिव प्रवीण पुनिया, जिला सचिव शारदा सिद्धू, भारत ढिल्लो सहित कांग्रेस कार्यकर्ताओं की टीम मौजूद रही। शहरी जिलाध्यक्ष पराग गाबा ने बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की, जिनका कार्यकर्ताओं द्वारा फूल मालाओं से स्वागत किया गया। कांग्रेस नेताओं ने बैठक के दौरान वार्ड के नागरिकों से सीधा संवाद करते हुए उनकी समस्याएं सुनीं और उन्हें भरोसा दिलाया कि कांग्रेस पार्टी जनहित से जुड़े सभी मुद्दों को मजबूती से उठाएगी और उनके समाधान के लिए निरंतर संघर्ष करेगी।



**करनाल।** कांग्रेस के शहरी जिलाध्यक्ष पराग गाबा का फूल मालाएं पहनाकर स्वागत करते हुए लोग। *फोटो: हरिभूमि*

### बैठक में ये रहे मौजूद

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी जनता के साथ खड़ी है और उनके अधिकारों की लड़ाई लड़ती रहेगी। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के उपप्रधान दिलशेर डाचर, वार्ड प्रधान आशा रानी एवं राजन ने भी सक्रिय भूमिका निभाई। इस अवसर पर आरती, सुरेश कुमार परोचा, गोत्तम प्रसाद, राम आसरे, गोल्डी, बाला, अमित कुमार, प्रीति, सविता, रजनी, रूकमणी, हेमलता, बिमा, सलिंदर आदि मौजूद रहे।

## तीन शिकायतें क्रिड से संबंधित थी, परिवार पहचान पत्र में आय ठीक करने की भी लगाई गुहार

**प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार जिला मुख्यालय व उपमंडल स्तर पर लग रहे शिविर**

# समाधान शिविर में आई 12 शिकायतें संबंधित अफसरों को निपटारे के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल

जिला मुख्यालय और उपमंडल स्तर पर आयोजित साप्ताहिक समाधान शिविर में आज 12 शिकायतें आईं। इन्हें समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। करनाल जिला सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर में आज 9 शिकायतें आईं जिनकी एसडीएम प्रदीप कुमार ने सुनवाई की। उन्होंने इन शिकायतों के समाधान के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए। करनाल में तीन शिकायतें क्रिड से संबंधित थी। ब्रास गांव के राजबीर ने परिवार पहचान पत्र में आय ठीक करने, चौगामा की बचनी देवी ने विधवा पैंशन बनवाने और सेक्टर 34 करनाल के रवींद्र कुमार ने पैंशन की गुहार लगाई। नगला मेघा के ग्रामीणों ने गुरूद्वारा के पास प्लास्टिक का सामान जलाने पर रोक लगाने की मांग की। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक जलाने से जहरीलें गैसों के कारण प्रदूषण बढ़ रहा है, जिसका असर लोगों की सेहत पर पड़ रहा है। एसडीएम ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों को उचित कदम उठाने के निर्देश दिए।



**करनाल।** समाधान शिविर के दौरान एसडीएम प्रदीप कुमार व अन्य।

### शिविर सोमवार व वीरवार को

एसडीएम प्रदीप कुमार ने बताया कि प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार जिला मुख्यालय व उपमंडल स्तर पर सोमवार और वीरवार को प्रातः10 बजे से 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे है। इन शिविरो में बिजली, पानी, परिवार पहचान पत्र, बुढ़ापा पेंशन एवं अन्य संबंधित शिकायतों की मौके पर सुनवाई कर उनका समाधान किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि समाधान शिविरों का मुख्य उद्देश्य सरकारी सेवाओं से जुडी बाधाओं को दूर करना और जनता की शिकायतों का मौके पर ही निपटान करना है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि वे समस्या के समाधान के लिए निर्धारित दिनों में शिविर में पहुंचे।

## खबर संक्षेप

### पुलिस ने सूर्य नमस्कार किया

**पानीपत।** पानीपत की पुलिस लाइन में सुबह सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं, स्वास्थ्य, अनुशासन और मानसिक दृढ़ता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पुलिसकर्मियों द्वारा सूर्य नमस्कार का सामूहिक अभ्यास किया। सभी प्रतिभागियों ने निर्धारित क्रम में सूर्य नमस्कार के 12 आसनों का अभ्यास किया। योग प्रशिक्षकों ने सूर्य नमस्कार के विभिन्न चरणों का अभ्यास कराया और इसके शारीरिक और मानसिक लाभों की विस्तृत जानकारी दी गई।

### नशे के विरुद्ध किया जागरूक

**पानीपत।** पानीपत जिला पुलिस नशे के खिलाफ विशेष जागरूकता अभियान चलाए हुए है। गठीत की नशा मुक्त टीम ने इसी कड़ी में सोमवार को कवि गांव में राजकीय स्कूल में पहुंचकर विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देकर नशे के खिलाफ प्रेरित किया। वहीं, पुलिस टीम ने ग्रामीणों को भी नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक, आर्थिक और सामाजिक नुकसान के बारे में विस्तार से समझाया। टीम द्वारा बताया गया नशा करने से व्यक्ति का स्वास्थ्य बिगड़ता है, साथ ही उसका सामाजिक जीवन, शिक्षा और भविष्य भी प्रभावित होता है।

### विद्या भारती मॉर्डन स्कूल के मेधावी विद्यार्थी पुरस्कृत

**पानीपत।** विद्या भारती मॉर्डन स्कूल, खादी आश्रम, पानीपत के प्रांगण में पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय प्रबंधन समित की अध्यक्ष निर्मल दत्त, सुधांशु दुबे अध्यक्ष पृथ्वीश इंटरनेशनल, मुख्याध्यापिका मीनाक्षी ने मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया।

### विहार कॉलोनी चित्रकूट धाम में महायज्ञ

**पानीपत।** पानीपत के अशोक विहार कॉलोनी श्री राम चौक कुटानी रोड स्थित चित्रकूट धाम श्रीराम मंदिर में चित्रकूट धाम के ज्योतिषाचार्य पंडित देवनारायण उपाध्याय व आठ विद्वान ब्राह्मणों द्वारा मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का प्रथम दिवस में बेदी पूजा एवं राम दरबार, राधा कृष्ण, शिव परिवार, दुर्गा जी, हनुमान जी महाराज की मूर्तियों का जला दिवास करवाया गया।

### राष्ट्रव्यापी हड़ताल का किया प्रचार

**समालखा।** ऑल इंडिया यूनाइटेड ट्रेड यूनियन सेंटर जिला प्रधान का. राजवीर सिंह ने कहा कि एआईयूटीयूसी सहित देश की 10 बड़ी केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के सांझा आह्वान पर 12 फरवरी को राष्ट्रव्यापी हड़ताल होगी। वहीं पानीपत जिला में भी हड़ताल कामयाब होगी।

### राष्ट्रपति भवन का भ्रमण किया

**पानीपत।** भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान की उत्तरी भारत क्षेत्रीय परिषद की पानीपत शाखा द्वारा हाल ही में राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली का शैक्षणिक एवं प्रेरणादायक भ्रमण का आयोजन करवाया गया। वहीं, भ्रमण में पानीपत शाखा से जुड़े 60 से अधिक चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ने सहभागिता की। इस भ्रमण का उद्देश्य चार्टर्ड अकाउंटेंसी पेशे को राष्ट्र की सर्वोच्च संवैधानिक संस्था से जोड़ते हुए सदस्यों को राष्ट्रीय मूल्यों, प्रशासनिक संरचना एवं ऐतिहासिक विरासत के प्रति गहराई से अवगत कराना था।

### महिला पार्षद सहित 13 पर जानलेवा हमला मामला दर्ज

**पानीपत।** पानीपत शहर के तहसील कैंप क्षेत्र में मामूली विवाद ने उस समय बड़ा रूप ले लिया, जब एक महिला और उसके साथियों ने मिलकर एक युवक पर जानलेवा हमला कर दिया। मामले में सबसे चौंकाने वाला मोड़ तब आया, जब पीड़ित ने पुलिस पर राजनीतिक दबाव में कार्रवाई न करने का आरोप लगाया। अंततः, कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद महिला नगर पार्षद सहित 13 नामजद आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

---

### रेलवे लाइन पार भरत नगर कालोनी के लोग सुविधाओं को तरसे

# सुविधाओं की मांग को लेकर कालोनी निवासियों का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

समालखा नगर पालिका के वार्ड 16 में रेलवे लाइन पार भरत नगर कालोनी पिछले 40 साल से बसी हुई है। जिसमें लगभग 150 मकान और 1000 से ज्यादा की आबादी निवास करती है। बावजूद इसके कॉलोनी में अभी तक मूलभूत सुविधाएं जैसे पीने के पानी की सप्लाई और सीवरेज व्यवस्था नहीं है।

जिन्हें लेकर सोमवार को भरत नगर वासियों ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के दफ्तर पर जाकर एसडीओ को लिखित पत्र देकर प्रधानमंत्री की हर घर जल योजना के तहत पीने के पानी की सप्लाई की पाइपलाइन दबाने की मांग की। अनिल पांचाल ने बताया कि योजना के तहत समालखा शहर में 90 किलोमीटर एरिया में पीने के पानी की सप्लाई की पाइपलाइन दबाई जानी है। दूसरी ओर, एसडीओ का कहना है कि भरत नगर अनाधिकृत एरिया में आता है, इसलिए हम वहां पाइपलाइन नहीं दबा सकते। अभी केवल अप्रूव्ड क्षेत्र में ही पाइपलाइन दबाने का काम किया जा रहा है।


**समालखा।** विधायक मनमोहन भडाना के आवास पर पेयजल की मांग को लेकर पहुंचे भरत नगर निवासी।

#### जनता की हर समस्या के हल में जुटा प्रशासन

**पानीपत।** जिला सचिवालय में जनता समाधान शिविर में सोमवार को जनसुनवाई करते हुए उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने कहा कि किसी भी अधिकारी द्वारा लापरवाही, टालमटोल या उदासीन रवैया अपनाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन समस्याओं का समाधान तुरंत संभव है, उन्हें बिना देरी निपटाया जाए और जिन मामलों में समय लगता है, उनमें स्पष्ट समय सीमा तय कर शिकायतकर्ता को पूरी जानकारी दी जाए। उन्होंने कहा कि कहा कि जनता समाधान शिविर प्रशासन की औपचारिकता नहीं, बल्कि जनता के प्रति उसकी जिम्मेदारी का प्रत्यक्ष प्रमाण है। इस अवसर पर नगर निगम संयुक्त आयुक्त मनी त्यागी, डीएसपी सतीश वत्स, सीएम विंडो के एमिनेंट पर्सन कृष्ण आर्य, सुरेंद्र जोगी, गुलशन तलवार ने भाग लिया।


**पानीपत।** उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया, जनसुनवाई करते हुए।

---

# जरूरतमंदों की सेवा पुण्य का कार्य

### प्रेम मंदिर के वार्षिकोत्सव पर निःशुल्क मेडिकल जांच शिविर लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

आदर्श एक विश्वास वेलफेयर सोसाइटी द्वारा श्री प्रेम मंदिर में वार्षिक प्रेम सम्मेलन में निःशुल्क मेडिकल एवं नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ श्री कांता देवी जी महाराज ने किया। वहीं विधायक प्रमोद विज मुख्याथित के रूप में कहा कि जरूरतमंद लोगों को चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराना समाज के समर्थ नागरिकों का मानवतीय कर्तव्य है। उन्होंने मेडिकल कैंप के आयोजन के लिए आदर्श एक विश्वास वेलफेयर सोसाइटी की जमकर सरहाना की। शिविर में विशेषज्ञ डा.अभिषेक गौतम न्यूरो ईसीजी, दिमाग, स्पाइन व नसों से संबंधित जांच, डा.संचित गोयल चर्म रोग, डा.वरुण गोगिया नेत्र जांच एवं चश्मा परामर्श तथा डा.प्रशांत शर्मा दंत जांच शामिल ने मरीजों की जांच की व उचित परामर्श दिया। आदर्श एक विश्वास के प्रधान नवीन मुंजाल व गौरव तागरा ने बताया शिविर में ईसीजी, त्वचा जांच, आंखों की जांच व चश्मे तथा दांतों की जांच निःशुल्क ब्रश पेस्ट व दवाइयां दी गई।


**पानीपत।** आदर्श एक विश्वास वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष नवीन मुंझाल, अतिथियों को स्मृति चिंह भेंट करे हुए।

### पशु प्रजनन प्रदर्शनी में पालकों ने जीते पुरस्कार

**पानीपत।** कुरुक्षेत्र में आयोजित 41 वीं राज्य पशु प्रजनन प्रदर्शनी में जिले के पशुपालकों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरस्कार जीते। नरेंद्र डिडवाड़ी मुर्राह ब्रीड व चैंपियन, हरियाणा गाय ब्रीड चैंपियन रहे। उन्होंने ढाई लाख की राशि प्रदान की गई। उनकी मुर्राह भैंस मादा कटड़ी को प्रथम स्थान मिला व ढाई लाख की राशि प्रदान की गई। इसी तरह दीनू की मुर्राह भैंस मादा कटड़ी प्रथम रही उन्हें भी ढाई रुपए की राशि प्रदान की गई। जबकि मनीष डिडवाड़ी की मुर्राह भैंस दुग्ध श्रेणी (1-2 वर्ष) को द्वितीय स्थान मिला व 11,000 रूपए की राशि प्रदान की गई। मनीष डिडवाड़ी को मुर्राह भैंस नर कटड़ा में तृतीय स्थान और 21,000 रुपए की राशि प्रदान की गई।

# रिसर्च फेलोशिप व प्रोफेसर पद पर मीनू का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित यूजीसी नेट दिसंबर 2025 परीक्षा में अंग्रेज़ी विषय से प्रतिभाशाली छात्रा मीनू ने शानदार प्रदर्शन किया हैं।

इस उपलब्धि के साथ स्मृति जूनियर रिसर्च फेलोशिप एवं सहायक प्रोफेसर पद के लिए चयनित हुई हैं। वहीं, मीनू के पिता सतीश जिला सूचना एवं जनसंपर्क विभाग में अधीक्षक पद पर कार्यरत हैं। पूरा विभाग में खुशी की लहर है। जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी सुनील बसताडा और स्टाफ के अन्य सदस्यों ने बधाई दी।


मीनू

विदित रहे कि मीनू ने परीक्षा में 300 में से 198 अंक अर्जित किए। इधर, पिता सतीश व मां शकुंतला ने अभिभावकों से अपील की कि वे अपनी बेटियों के साथ भेदभाव ना करे और उन्हें शिक्षित कर विकास के अवसर उपलब्ध करवाएं।

---

# जरूरमंद लोगों को राशन भेंट किया

### निर्धनों की निष्काम सेवा करें समर्थ नागरिकः भाटिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

भाजपा के जिला उपाध्यक्ष नवीन भाटिया ने कहा कि निर्धनों की निष्काम सेवा करना हर नागरिक का मानवीय कर्तव्य है। वहीं समाज के समर्थ नागरिकों के जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए हमेशा आगे रहना चाहिए। भाटिया, श्री सनातन धर्म संगठन, पानीपत की ओर से श्री रामेश्वरम मंदिर, सैनी कॉलोनी में निःसहाय, दिव्यांग एवं विधवा परिवारों को मासिक राशन वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जो हाथ जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए उठता है उसे ही भगवान आशीर्वाद देने के लिए पकडते है। इसके मद्देनजर समर्थ के अनुसार सभी को जरूरतमंद लोगों को दानपुण्य करना चाहिए। जबकि भाजपा नेता चेतन तनेजा ने कहा कि जरूरतमंद वर्ग की सेवा करना मानवता, करुणा व सामाजिक समरसता का सशक्त उदाहरण है। इस अवसर पर समाजसेवी दिनेश सैनी, किशन रेवाड़ी, सुमित त्यागी आदि उपस्थित रहे।


**पानीपत।** जरूरतमंदों को राशन बांटते हुए नवीन भाटिया, चेतन तनेजा आदि।

# बाल शिक्षा को बढ़ावा देंगे, बच्चों की सुरक्षा करेंगे

### समाज विरोधी तत्वों से सख्ती से निपटेंगे, बाल विवाह नहीं करेंगे, न होने देंगेः प्रमोद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत शहरी से विधायक प्रमोद विज ने कहा कि बाल विवाह एक गंभीर सामाजिक बुराई है, जो बच्चों के शारीरिक, मानसिक और शैक्षणिक विकास को गहरी क्षति पहुंचाती है। यह न केवल बच्चों के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है, बल्कि समाज के स्वस्थ और सशक्त भविष्य में भी बाधक है।

विज, सोमवार को जस्ट राइटस फार चिल्ड्रन संगठन की सहयोगी संस्था एमडीडी ऑफ इंडिया द्वारा चलाए जा रहे बाल विवाह मुक्ति रथ को रवाना करने के दौरान संबोधन कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कानूनन बाल विवाह निषेध अधिनियम के अंतर्गत बाल विवाह दंडनीय अपराध है। इसके बावजूद जागरूकता के अभाव, सामाजिक दबाव और कुप्रथाओं के कारण यह कृत्य आज भी कहीं-कहीं देखने को मिलता है। बाल विवाह से बालिकाओं का स्वास्थ्य प्रभावित होता है, शिक्षा बाधित होती है और वे कम उम्र में जिम्मेदारियों के बोझ तले दब जाती हैं। उन्होंने समाज का प्रत्येक नागरिक, अभिभावक और संस्था का दायित्व है कि वे बाल विवाह का विरोध करें, बच्चों को शिक्षा और सुरक्षित वातावरण प्रदान करें तथा कानून के पालन में सहयोग करें।


**पानीपत।** विधायक प्रमोद विज बाल विवाह मुक्ति रथ को रवाना करते हुए।

---


**पानीपत।** आईबी कॉलेज की प्राचार्या डॉ शशि प्रभा, विद्यार्थियों को बाल विवाह के विरुद्ध जागरूक करते हुए।

# बेटियों को शिक्षित कर विकास के अवसर दें अभिभावकः डॉ शशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

आईबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ व कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय बाल-विवाह मुक्त जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम डीएलएसए, एमडीडी, सीडब्ल्यूसी, डब्ल्यूसीडी के सहयोग से बाल-विवाह मुक्ति रथ अभियान के माध्यम से विद्यार्थियों को जागरूक करने हेतु आयोजित किया गया। महाविद्यालय में रथ का स्वागत आईबीएल एजुकेशनल सोसाइटी के उपप्रधान परमवीर ढींगरा, प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक, महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. सीमा व कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. निधि द्वारा किया गया। जबकि एडवोटेट पायल ने विद्यार्थियों को बाल विवाह के विरूद्ध जागरूक किया।

# आर्य कॉलेज के बॉक्सर्स ने इंटर कॉलेज बॉक्सिंग में सात मेडल जीते

### खेल युवाओं को संघर्षशील व जुझारु बनाता हैः डॉ गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय में आयोजित इंटर कॉलेज बॉक्सिंग चैंपियनशिप में आर्य कॉलेज के बॉक्सर्स ने एक गोल्ड, तीन सिल्वर व तीन ब्रांज मेडल जीत का कॉलेज व पानीपत का मान बढाया है। वहीं, प्राचार्य प्रो.डॉ. जगदीश गुपता ने बताया कि इंटर कॉलेज बॉक्सिंग चैंपियनशिप में 65 वर्ग किलोग्राम भार वर्ग में कॉलेज की बीए द्वितिय वर्ष छात्रा तमन्ना ने गोल्ड मेडल, बीए तृतीय वर्ष के छात्र मिलन देशवाल ने 65 किलोग्राम भार वर्ग में सिल्वर मेडल, बीए प्रथम वर्ष की छात्रा मंजू ने 51 किलोग्राम भार में सिल्वर मेडल, बीए द्वितीय के छात्र अंकुश ने 85 किलोग्राम भार वर्ग में सिल्वर, बीए द्वितीय वर्ष रोहिन ने 90 किलोग्राम भार में ब्रांज मेडल, बीए प्रथम वर्ष के छात्र सुजल ने 80 किलो में ब्रांज मेडल वहीं बीए प्रथम वर्ष की छात्रा रिया ने 70 किलोग्राम भार वर्ग में ब्रांज मेडल जीते है। सोमवार को खिलाडियों का कॉलेज के खेल प्रांगण में कॉलेज प्राचार्य प्रो. डॉ. जगदीश गुप्ता व कॉलेज के प्राध्यापकों द्वारा स्वागत किया गया।


**पानीपत।** आर्य कॉलेज के प्राचार्य डॉ जगदीश गुप्ता के साथ विजेता बॉक्सर्स।



### सेक्टर 10 में सात दिवसीय श्रीकृष्ण कथा 16 से

**कुरुक्षेत्र।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा 16 से 22 फरवरी 2026 सायं 6 से रात्रि 9 बजे तक हुड्डा ग्राउंड नजदीक सेक्टर 10 मार्किट, कुरुक्षेत्र में सात दिवसीय श्रीकृष्ण कथा का भव्य आयोजन किया जाएगा। इसके प्रचार-प्रसार हेतु संस्थान द्वारा सैक्टर 2 पार्क से भव्य संध्या फेरी निकाली गई। जिसमें भक्तों ने प्रभु की महिमा गुणगान करते हुए /"मना चल वृन्दावन चलिए/", /"मेरी झोपड़ी के भाग खुल जाएंगे श्याम आएँगे/" आदि सुमधुर भजनों का गायन किया। क्षेत्र निवासियो ने इस संध्या फेरी में बढ़-चढ़ कर अपनी भागीदारी देकर प्रभु के चरणों मे अपनी हाजिरी लगाई। इस संध्या फेरी का शुभारम्भ महिंद्र मेहता द्वारा प्रभु के पावन पूजन एवं नारियल फोड़ कर किया गया। संस्थान से उपस्थित स्वामी गुरु ज्ञानानंद ने कहा कि आज सारा संसार दुःखों के भयंकर बादलों में फसता जा रहा है।

### जयभगवान शर्मा ने विकास कार्यों का किया लोकार्पण

**पिहोवा।** विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पिहोवा से पूर्व प्रत्याशी पंडित जय भगवान शर्मा (डीडी) के दौरे को लेकर उत्साह का माहौल देखने को मिला। क्षेत्र के विभिन्न गांवों और शहरों में पहुंचने पर सरपंचों, पंचों, जिला परिषद सदस्यों, लोकसभा प्रतिनिधियों, पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकतार्ओं एवं सैकड़ों ग्रामीणों ने फूल-मालाओं के साथ उनका भव्य स्वागत किया तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। पूरे दिन क्षेत्र में विकास को लेकर उत्सव जैसा वातावरण बना रहा। इसके उपरांत पंडित जय भगवान शर्मा डीडी ने करोड़ों रुपये की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन एवं लोकार्पण कर क्षेत्रवासियों को बड़ी सौगात दी। उन्होंने रोशनपुर रोड से मायाराम सैनी के घर तक वाया सुदर्शन, वार्ड नंबर 12 में 19 लाख रुपये की लागत से गली निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस्माईलाबाद में 20 लाख रुपये की लागत से नून घर धर्मशाला की रिपेयरिंग व नवीनीकरण कार्य का उद्घाटन किया तथा सांसद नवीन जिंदल द्वारा आयोजित मेडिकल कैंप का शुभारंभ भी किया।

**न्यायालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत।**

दीपक कुमार पुत्र स्वर्गीय श्री जगदीश चन्द्र पुत्र श्री स्वर्गीय वसाया राम निवासी मकान नम्बर 512/1, सलारंगज गेट, रिलाईस फेश, पानीपत।

बनाम

जनरल पब्लिक

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है दीपक कुमार पुत्र स्वर्गीय श्री जगदीश चन्द्र पुत्र श्री स्वर्गीय वसाया राम निवासी मकान नम्बर 512/1, सलारंगज गेट, रिलाईस फ्रेश, पानीपत ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतु इस कार्यालय मे पेश किया है। जिसमे स्पष्ट रूप से बताया गया है कि प्रार्थी की माता जमना देवी धर्मपत्नी स्वर्गीय श्री जगदीश चन्द्र निवासी राम नगर, तहसील कैम्प, पानीपत की दिनांक 25-10-1995 को मृत्यु हो चुकी है। उनकी मृत्यु उपरान्त उनके निम्न वारिस / उतराधिकारी दर्शाये गये हैं। अंजली शर्मा वार्ड नम्बर 4, नगर निगम पार्षद पानीपत, एवंम सुनील पटवारी पानीपत द्वारा भी अपनी रिपोर्ट मे इन्ही वारसान की तसदीक की गई है:-
1- अनिल कुमार, व 2- सुनील कुमार व 3- दीपक कुमार पुत्रगण स्वर्गीय श्री जगदीश चन्द्र यानि कुल 3 ही वारिस है। इनके ईलावा मृतक श्रीमति जमना देवी धर्मपत्नी स्वर्गीय श्री जगदीश चन्द्र का अन्य कोई वारिस / उतराधिकारी नहीं है। जिसके सम्बंध मे प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिए हर आम व खास को इस इश्तहार /नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है। कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस / उतराधिकारी के बाबत कोई शक एवंम इतराज हो तो वह स्वंय / अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर-2 इस कार्यालय मे कार्य दिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है, अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जावेगा।
यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 02-02-26 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

हस्ता/- तहसीलदार-कम-संयुक्त सब रजिस्ट्रार, पानीपत

---

### राज्य स्तरीय वसंतोत्सव पुष्प प्रदर्शिनी व पुष्प प्रतियोगिता का शुभारंभ आज

# पर्यावरण जितना घना होगा मानवता उतनी ही सुखी होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

एसडी पीजी कॉलेज के प्राचार्या डॉ अनुपम अरोडा ने बताया कि पर्यावरण को बढावा देना हर नागरिक का कर्तव्य है। वहीं पर्यावरण जितना अधिक होगा मानवता ही उतनी ही सुखी होगी। कॉलेज में दो दिन तक चलने वाले बाहरवें राज्य स्तरीय वसंतोत्सव पुष्प प्रदर्शिनी एवं पुष्प प्रतियोगिता का आयोजन मंगलवार से शुरू हो रहा है। वहीं, वनस्पति विभागाध्यक्ष डॉ. रवि कुमार ने बताया कि पुष्प प्रदर्शनी का उदघाटन मुख्य अतिथि एसडी एजुकेशन सोसाइटी पानीपत के संरक्षक रोशन लाल मित्तल करेंगें। जबकि प्रधान अनूप कुमार और सचिव नरेश कुमार गोयल कार्यक्रम में बतौर गेस्ट ऑफ़ ऑनर शिरकत करेंगे।


**पानीपत।** एसडी कॉलेज के टीचर्स प्रेस वार्ता करते हुए।

#### ये रहे मौजूद

एसडी पीजी कॉलेज प्रबंधकारिणी के प्रधान दिनेश गोयल, उपप्रधान राजीव गर्ग, जनरल सेक्रेटरी महेंद्र अग्रवाल, कोषाध्यक्ष विशाल गोयल, प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा, माननीय मेहमानों का स्वागत करेंगे। 'वसंतोत्सवः पुष्प प्रदर्शिनी' में हरियाणा प्रदेश और पानीपत जिले के स्कूल, कॉलेज, संस्थान तथा नर्सरियों के माली भाग लेगे। वहीं, आईओसीएल हर बार की तरह इस बार भी प्रदर्शनी में हिस्सा ले रहा है। वहीं, यह आयोजन कॉलेज में ही स्थापित 'पर्यावरण बचाओ सोसाइटी' के तत्वावधान में हो रहा है और इस बार की प्रतियोगिता में 70 अलग-अलग कटेगरी में पुरस्कार दिए जाएंगे। इस अवसर पर प्रो. प्रवीण आर. खेरडे, डॉ. संगीता गुप्ता, डॉ. रवि कुमार, डॉ. मोनिका खुराना, डॉ. प्रियंका चांदना, डॉ. राहुल जैन, शशि मोहन गुप्ता, दीपक मित्तल आदि उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

### आयुष्मान कार्ड बनाने का अभियान प्रारंभ

**अंबाला।** स्वास्थ्य विभाग की ओर से जिलेभर में आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए अभियान शुरू किया गया है। यह अभियान 31 मार्च तक चलेगा। अभियान में जिला नागरिक अस्पताल, उप नागरिक अस्पताल, सीएचसी, पीएससी स्तर व सीएससी केंद्र पर आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे। कार्ड बनाने के लिए कार्य शुरू हो गया है। जिले की बात करें तो अभी तक 6.50 लाख लोगों के आयुष्मान कार्ड बन चुके हैं और योग्य लोगों के कार्ड बनाए जाएंगे।

### सात साल की दिव्या 16 दिन बाद भी लापता

**अंबाला।** कांवला गांव से लापता हुई दिव्या(7) का 16 दिन बाद भी कोई सुराग नहीं लगा है। पुलिस की टीमें भाखड़ा नहर में तलाश करते हुए दिल्ली तक पहुंच गई है। दिल्ली पुलिस व वहां के गोताखोरों से भी संपर्क किया जा रहा है। अंबाला सिटी के सेक्टर-9 थाना प्रभारी सुनीता ढाका का कहना है कि दिव्या काफी पतली थी।गोताखोरों का कहना है कि अक्सर कम वजन वालों के शव नहर में भी गिरे पेड़ों के बीच फंस जाते हैं या फिर नहर के जगह-जगह लगे गेट के नीचे से गुजर जाते हैं। ऐसे में शवों का पता लगने में करीब एक माह तक का समय लग जाता है। उनकी तरफ से रिश्तेदारों व आसपास के अलावा सोशल मीडिया के जरिये भी संपर्क किया जा रहा है।

### शिकायतों का प्राथमिकता से समाधान सुनिश्चित करें

**अंबाला।** नगराधीश अभिषेक गर्ग ने कहा कि निर्देश दिए कि समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता से समाधान करवाना सुनिश्चित करें। नगराधीश आज उपायुक्त कार्यालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता करने के दौरान अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहें थे। गर्ग ने इस मौके पर शिविर में पंहुचे प्रार्थियों की समस्याओं को सुना और संबंधित विभाग के अधिकारियों को समाधान हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का समाधान करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता में है।

### दालमवाला स्कूल में हुई स्कॉलरशिप प्रतियोगिता

**जींद।** दालमवाला पब्लिक स्कूल में 8वीं मेगा स्कॉलरशिप प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्या संगीता शर्मा के अनुसार दालमवाला पब्लिक स्कूल हर साल 10 लाख रुपये की स्कॉलरशिप बच्चों को देता है। जिसमें हर क्लास में से प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार पाने वाले बच्चों को फीस में छूट दी जाती है। कई सालों से स्कूल में यह परंपरा चल रही है।

### समाधान शिविर में 12 ने रखी शिकायतें

**जींद।** सरकार की जनसेवा पहल के तहत सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर का आयोजन किया। शिविर में उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने आमजन से संवाद स्थापित कर शिकायतें सुनीं और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। डीसी ने कहा कि सीएम के नेतृत्व में सरकार की प्राथमिकता है कि आमजन की समस्याओं का समयबद्ध व पारदर्शी तरीके से समाधान किया जाए।

### सीएम के कार्यक्रम को लेकर मीटिंग आज

**उचाना।** 18 फरवरी को उचाना में प्रस्तावित सीएम नायब सिंह सैनी के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर 10 फरवरी को उपमंडल कार्यालय में सभी विभागों के अधिकारियों की मीटिंग होगी। अध्यक्षता विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री करेंगे। एसडीएम दलजीत ने बताया कि सीएम के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर आयोजित होने वाली मीटिंग के लिए उचाना के अलग-अलग 22 विभागों के अधिकारियों को पत्र भेज कर सूचना दे दी गई है।

### बाड़े से 15 बकरियां चोरी, मामला दर्ज

**जींद।** गांव तलोडा खेड़ी में बीती रात चोरों ने पशुबाड़े का ताला तोड़ कर 15 बकरियों को चोरी कर लिया। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने बकरी पालक की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

---

165 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित

# निगम के 11 गांवों के ग्रामीणों को मिलेगी सीवरेज की सुविधा

**पांच साल से निगम में शामिल इन गांवों में नहीं हो पाया पर्याप्त विकास, सुविधाओं को तरस रहे हैं ग्रामीण**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला शहर नगर निगम में शामिल किए गए 11 गांव में सीवरेज की नई लाइन डलने के साथ पीने के पानी की लाइन भी डाली जाएगी। इससे नालियों में शौचालय का गंदा पानी नहीं जाएगा, साथ ही पीने के पानी के लिए भी नई लाइन डाले जाने से लोगों को फायदा होगा। इसके साथ ही जनस्वास्थ्य विभाग तीन नए एसटीपी भी लगाएगा। इस प्रोजेक्ट पर करीब 165 करोड़ का बजट खर्च होगा। विभाग ने इसके लिए निविदा लगा दी है। जल्द ही वर्कऑर्डर के बाद दो महीने में कार्य शुरू होने की उम्मीद है। इस प्रोजेक्ट के तहत जनस्वास्थ्य विभाग कांवला गांव में नवोदय विद्यालय के पास और नया गांव में 2-2 एमएलडी के नए एसटीपी लगाएगा। इसी तरह देवीनगर गांव के पास 60 एमएलडी का नया एसटीपी बनेगा। अंबाला ड्रेन में आने वाले पानी को देवीनगर में बनने वाले एसटीपी से ट्रीटमेंट के बाद साफ कर घग्घर नदी में छोड़ा जाएगा। अभी इस ड्रेन का गंदा पानी सीधा घग्घर नदी में गिरता है। देवीनगर में लगने वाले एसटीपी पर करीब 98.96 करोड़ खर्च होंगे।

*देवीनगर गांव के पास 60 एमएलडी का नया एसटीपी बनेगा।*

**15 हजार सीवरेज कनेक्शन मिलेंगे**

अंबाला शहर की बात करें तो अभी शहर में 28 हजार सीवरेज के कनेक्शन हैं, जबकि कॉलोनियों में कई जगह ऐसी है, जहां अभी सीवरेज के कनेक्शन नहीं है। जिससे नालियों का गंदा पानी नालों में गिर रहा है। इस गंदे पानी को सीधा सीवरेज में गिराया जाएगा। जनस्वास्थ्य विभाग की ओर से 11 गांव में नए सीवरेज कनेक्शन करने के साथ ही शहर में 15 हजार कनेक्शन किए जाएंगे। वहीं, बीते 2019 में नगर निगम में 11 गांवों को शामिल किया था। निगम का एक प्लान बीतने के बाद भी इन गांवों में विकास नहीं हुआ। इन गांव में डडियाना, देवीनगर, मानकपुर, लोहगढ़, डंगडेहरी, घेलखुर्द, घेलकलां, निजामपुर, कालूमाजरा, लिहारसा शामिल है।

**जल्द काम प्रारंभ होने की उम्मीद**

पब्लिक हेल्थ के कार्यकारी अभियंता कर्णबीर सिंह ने बताया कि नगर निगम में शामिल किए गए गांवों में सीवरेज व पीने के पानी की लाइन डाली जाएगी। शहर में देवीनगर, नया गांव व कांवला में नए एसटीपी भी लगेंगे। विभाग ने इसके लिए निविदा लगा दी है। जल्द ही वर्कऑर्डर के बाद दो महीने में कार्य शुरू होने की उम्मीद है।

---

संस्कारों से प्रेरित भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन

# भगवाध्वज देशभक्ति और सनातनी धर्म का प्रतीक :अनुभवानंद महाराज

- स्वामी डॉ. अनुभवानंद महाराज ने भगवाध्वज के बैनर तले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वाधान में हिंदू सम्मेलन में लोगों को संबोधित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला


**अंबाला।** हिंदू सम्मेलन में मातृशक्ति को सम्मानित करते स्वामी डॉ. अनुभवानंद गिरि।

अंबाला शहर के लक्ष्मी नगर स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में भगवाध्वज के बैनर तले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वाधान में संस्कारों से प्रेरित एक भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में हिंदू समाज से जुड़े लोगों ने बड़ी ही श्रद्धा पूर्वक भाग लिया। यह कार्यक्रम हिंदू समाज की आस्था, संस्कृति एवं राष्ट्र के प्रति समर्पण का एक जीवंत प्रतीक रहा है। इस दौरान मातृशक्ति की विभिन्न कीर्तन मंडलियों द्वारा संकीर्तन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस भव्य धार्मिक कार्यक्रम में विशेष रूप से आशीर्वाद देने पहुंचे स्वामी डॉ. अनुभवानंद गिरि जी महाराज का सभी उपस्थित सदस्यों ने पुष्पवर्षा से भव्य अभिनंदन किया। इस मौके पर स्वामी अनुभवानंद महाराज ने बताया कि सनातनी धर्म का प्रतीक भगवा ध्वज हमेशा सनातनियों के लिए मुख्य भूमिका में रहा है। जिसकी आन-बान-शान के लिए सनातनी हमेशा तत्पर रहते हैं। भगवान श्री राम लाल जी के भवन में आज भगवा ध्वज लहरा रहा है, जोकि हमारे हिंदुओं एवं राष्ट्र देश भक्ति की पहचान बना हुआ है। इस मौके पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक मुख्य वक्ता हरिश्चंद्र ने भी सभा को संबोधित कर अपने विचार साझा किए। इस भव्य कार्यक्रम में सभा के अध्यक्ष साहिब सिंह, समाजसेवी सुरेश जिंदल, दिनेश शर्मा, राजेश सैनी सहित भारी संख्या में पहुंचे सभी लोगों ने स्वामी अनुभवानंद गिरि महाराज का स्वागत कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

---

# भाजपा सरकार अमेरिका-भारत व्यापार समझौते को करे सार्वजनिक : सतीश


जिला सचिव सतीश सेठी।

**अंबाला।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सतीश सेठी ने बताया कि जैसे-जैसे भारत-अमेरिका व्यापार समझौते का ब्यौरा सामने आने से साफ पता चल रहा है कि भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने तथाकथित अंतरिम समझौते में अमेरिका को बड़ी रियायतें दी गई हैं। ये रियायतें भारत की अर्थव्यवस्था, कृषि और राष्ट्रीय संप्रभुता के लिए एक गंभीर खतरा साबित होगी। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक रूप से उपलब्ध अधूरी जानकारी के अनुसार भारत सरकार ने अमेरिका से फलों, कपास, मेवे, सोयाबीन तेल और कुछ अन्य खाद्य और कृषि उत्पादों के निर्यात पर कोई टैरिफ (जीरो टैरिफ) नहीं लगाने पर सहमति जताई है। यह फैसला देश भर के लाखों सेब उत्पादकों, कपास और सोया किसानों की आजीविका को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचाएगा। जोकि बेहद निंदनीय है। भाजपा सरकार ने अमेरिकी रक्षा आपूर्ति पर अपनी निर्भरता बढ़ाने का वादा किया है, जो भारत के रणनीतिक हितों के लिए हानिकारक होगा। उन्होंने कहा कि सीपीआई (एम) यह मांग करती है कि इस समझौते का पूरा विवरण तुरंत संसद के सामने रखा जाए और उसे सार्वजनिक किया जाए। सरकार को ऐसे किसी भी समझौते पर हस्ताक्षर नहीं करने चाहिए जोकि भारतीय श्रमिकों, किसानों और आम लोगों के हितों के लिए हानिकारक हो।

---

# निरक्षरता के कलंक को मिटाने में जुटे विद्यार्थी

- घर के बुजुर्गों को साक्षर बनाने में निभा रहे अहम भूमिका, शिक्षा विभाग ने चलाया उल्लास कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


**अंबाला।** गांव जटवाड़ में छात्रा सोना अपनी दादी व गांव बलाना में छात्रा रजनी अपने दादा सुखविंद्र को पढ़ाते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

जिला शिक्षा विभाग की ओर से चलाए जा रहे उल्लास कार्यक्रम के अंतर्गत जिला से निरक्षरता मिटाने की मुहिम को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने एक विशेष अभियान चलाया हुआ है। इससे जिले के गांवों में निरक्षरता का अंधकार धीरे-धीरे साक्षरता के उजियारे में परिवर्तित होता दिखाई दे रहा है। स्कूली विद्यार्थी, शिक्षक और नवसाक्षर पूरे उत्साह के साथ इस जन आंदोलन का हिस्सा बन रहे हैं। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा करवाए गए सर्वे में बहुत ही सकारात्मक वातावरण देखने को मिला है। विभिन्न गांवों में स्कूली बच्चे उल्लास लर्नर्स को पढ़ना लिखना सिखाते दिखे। कहीं कोई पोता अपनी दादी को पढ़ाता मिला तो कहीं कोई बेटी अपनी माता को लिखना सिखाते हुए दिखी। शिक्षा विभाग के उल्लास कार्यक्रम की सफलता में जुटे शिक्षकों, विद्यार्थियों और नवसाक्षरों को प्रोत्साहित करने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा अब तक अंबाला-1, साहा और बराड़ा खंड के छह गांव—बलाना, नन्यौला, पिलखनी, बिहटा, अधोया और धनौरा में सम्मान समारोह आयोजित कर चुके हैं। इन समारोहों में साक्षरता का प्रकाश फैलाने वाले विद्यार्थियों, सर्वेयर शिक्षकों और नवसाक्षरों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

**नवसाक्षरों को किया जाएगा सम्मानित**

जिला शिक्षा अधिकारी की इस मुहिम का जमीनी स्तर पर सकारात्मक असर दिखने लगा है। स्कूली बच्चे अपनी पढ़ाई के साथ-साथ घर और पड़ोस के निरक्षरों को पढ़ना-लिखना सिखाने में जुट गए हैं। शनिवार और रविवार को कराए गए सर्वे में उल्लास कार्यक्रम को लेकर जिले में अत्यंत सकारात्मक माहौल सामने आया। रविवार को भी विभिन्न गांवों में विद्यार्थी उल्लास लर्नर्स को शिक्षित करते दिखाई दिए। अंबाला-2 खंड के बब्याल संकुल में सर्वाधिक स्वैच्छिक शिक्षक रूपी विद्यार्थी साक्षरता का प्रकाश फैलाते नजर आए। इस सराहनीय योगदान को देखते हुए जिला शिक्षा अधिकारी ने शीघ्र ही राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बब्याल में सम्मान समारोह आयोजित करने की घोषणा की है, जिसमें विद्यार्थियों, सर्वेयर शिक्षकों और नवसाक्षरों को सम्मानित किया जाएगा।

---

# नोहनी- बधौली मार्ग की खस्ता हालत बनी परेशानी

- सड़क पर बने गहरे गड्ढों के कारणा आए दिन हो रहे हादसें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

नहौनी से बधौली को सड़क मार्ग इन दिनों खस्ताहालत में है। सड़क पर बने गहरे गड्ढों से राहगीरों, वाहन चालकों और आसपास के ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क के दोनों ओर बनी बरम भी कई जगह से टूट चुकी है। बरसात के मौसम में गड्ढों में पानी भर जाने से स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। रात के समय यहां से गुजरना अधिक खतरनाक हो जाता है। वाहन चालक करण, सुभाष , साहिल ने बताया कि यह मार्ग नारायणगढ़ जाने का प्रमुख शॉर्टकट है, इस कारण रोजाना सैकड़ों वाहन इसी रास्ते से गुजरते हैं। इस मार्ग से कई गांव जुड़े हुए हैं तथा सरकारी अस्पताल तक पहुंचने का भी यही मुख्य रास्ता है। मरीजों, गर्भवती महिलाओं और बुजुर्गों को टूटी सड़क पर सफर करने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों के अनुसार वर्ष 2025 की बरसात में पानी सड़क के ऊपर से बहा, इससे कई स्थानों पर सड़क टूट गई और गड्ढों में तब्दील हो गई। इसके बाद आज तक कोई स्थायी मरम्मत नहीं कराई गई। इस संबंध में कई बार संबंधित विभाग को समस्या से अवगत कराया, लेकिन अब तक केवल आश्वासन ही मिले हैं।

---

# पुरानी पेंशन बहाली को लेकर कर्मचारी फिर मुखर, विधायक को सौंपा मांगपत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा


**बराड़ा।** अविधायक पूजा चौधरी को ज्ञापन सौंपते कर्मचारी।

पुरानी पेंशन बहाली संघर्ष समिति के बैनर तले कर्मचारियों ने एक बार फिर पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर आंदोलन तेज कर दिया है। समिति के सदस्यों ने स्पष्ट किया कि कर्मचारियों की लड़ाई एनपीएस और यूपीएस के खिलाफ है और एकमात्र लक्ष्य ओल्ड पेंशन स्कीम (ओपीएस) की बहाली है। हरियाणा विधानसभा के आगामी बजट सत्र से पूर्व प्रदेश के सभी विधायकों एवं सांसदों के माध्यम से प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपे जा रहे हैं। इसी क्रम में पेंशन बहाली संघर्ष समिति जिला की कार्यकारिणी ने ब्लॉक प्रधान राजकुमार एवं जिला उपप्रधान सतबीर देसवाल की अध्यक्षता में विधायक पूजा चौधरी को ज्ञापन सौंपा। इसके साथ ही अंबाला सांसद वरुण चौधरी के नाम ज्ञापन उनके बराड़ा स्थित आवास पर दिया गया। समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने विधायक पूजा चौधरी को ज्ञापन सौंपते हुए पुरानी पेंशन योजना को बहाल करने की अपनी एकमात्र मांग दोहराई।

### फ्लॉक लीडर प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

**कुरुक्षेत्र।** स्टे थॉमस कॉन्वेंट स्कूल, लोटस ग्रीन सिटी, कुरुक्षेत्र में हरियाणा राज्य भारत स्काउट एवं गाइड, जिला कुरुक्षेत्र द्वारा आयोजित तीन दिवसीय कब मास्टर एवं फ्लॉक लीडर प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ इंदु कौशिक, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी, कुरुक्षेत्र द्वारा किया गया। उद्घाटन अवसर पर उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी ने स्काउट-गाइड आंदोलन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्काउट-गाइड की गतिविधियाँ बच्चों में अनुशासन, कर्तव्यबोध, नेतृत्व क्षमता, सहयोग और समाज सेवा की भावना विकसित करती हैं। यह बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

---

# एसपीओ की टीम ने छात्राओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

**बच्चों की सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान**

जिला पुलिस द्वारा छात्र/छात्राओं को उनके विरुद्ध होने वाले अपराधों और उनसे बचने के बारे में जागरुक किया जा रहा है। सेफ सिटी टीम ने राजकीय मिडिल स्कूल किशनपुरा जिला कुरुक्षेत्र में बच्चों की सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाया। अभियान के तहत सिपाही हरजीत और एसपीओ अनीता की टीम ने छात्राओं को उनकी सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर स्कूल स्टाफ सहित अन्य व्यक्ति भी मौजूद रहे।

---

महाशिवरात्रि महापर्व के उपलक्ष्य में भव्य कार्यक्रम का आयोजन

# हमारे चारों ओर दुख निंदा करने वाले जहरीले सांप जैसे लोग मौजूद: दीदी

*कुमारी मनरूप व कुमारी शिवांगी के नृत्य ने सबको मंत्रमुग्ध किया।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला





अंबाला छावनी के दयालबाग स्थित ब्रह्माकुमारीज़ ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा सब जोन निर्देशिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी आशा दीदी के मार्गदर्शन में महाशिवरात्रि महापर्व के उपलक्ष्य में भव्य कार्यक्रम का सफ़ल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आने वाले सभी श्रदालुओ के मस्तक पर तिलक लगाकर उनका भव्य स्वागत किया गया। गायक किरण दीदी व अंकुर भाई द्वारा दी गई गीतों की प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को मनोरंजक बनाया। कुमारी मनरूप व कुमारी शिवांगी के नृत्य ने सबको मंत्रमुग्ध किया। कार्यक्रम में आचार्य स्वामी राजेश्वरानंद महाराज की विशेष उपस्थिति रही। स्वामी ने कहा बहुत ही सौभाग्य का अवसर हैं कि हम सभी भारतीय परंपराओं का जो मूल भगवान शिव हैं, उनकी शिवरात्रि हम सब मना रहे है। ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय जो देश की शान है। इनका पूरे विश्व में भारतीय परंपराओं को फैलाने में बहुत बड़ा योगदान है। स्वामी ने कहा शिवरात्रि मनाने का अन्य कारण हैं जिसको ब्रह्माकुमारी में हम राजयोग कहते हैं। जब हमारी आत्मा परमात्मा से जुड़ती है तो यह सबसे बड़ा योग है। उन्होंने कहा बहनों के लिए मैं कहना चाहूंगा सनातन की परंपरा जो है उसमें सबसे ज्यादा किसी को सम्मान दिया जाता है तो वह बहनों को दिया जाता है।

**आध्यात्मिक मार्ग को अपनाएं**

ब्रह्माकुमारी कविता दीदी जी जो कि अपने सरल और प्रेरणादायक अनुभवों के माध्यम से लोगों को आध्यात्मिक मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करते हैं। दीदी ने कहा मन की शांति तो सबको चाहिए हम सब देख रहे हैं कुछ वर्षों में ही संसार का क्या हाल हो गया है। दीदी ने कहा ज्यादा से ज्यादा रात को दस बजे तक लास्ट सोने का समय होना चाहिए। शांति हमारी अखुट डिमांड है। जब आप कुछ उस शांति के सागर के साथ रहेंगे तो आपको बहुत अच्छा लगेगा। मेरा रेगुलेटर मेरा कंट्रोल मेरे हाथ में होना चाहिए। मैं जब चाहूं उसे कंट्रोल कर सकूं। उन्होंने कहा कि हम सभी इस दुनिया में अपना अपना रोल प्ले करने आए हैं। हमारे साथ कोई ऐसा क्यों कर रहा है यह सोचने की जरूरत नहीं है। हर कोई अपना रोल प्ले कर रहा है। मेरा मन ही मेरे सबसे नजदीक है। हमें यह समझना होंगा कि अगर मेरा मन ही मेरे कंट्रोल में नहीं है तो मेरे लिए जिंदगी की राह आसान नहीं है। हम दूसरों से संतुष्ट नहीं होते इसी लिए वह भी हमसे संतुष्ट नहीं होते। महादेव के गले में सांप दिखाते हैं जिसका आध्यात्मिक रहस्य बताते हुए दीदी ने कहा कि हमारे चारों तरफ दुख निंदा करने वाले वह सांप जैसे लोग हैं जो वास्तव में यह प्रत्यक्ष करेंगे कि हम अंदर से कितने शांत बने है। इतनी बड़ी रामायण बनी मंथरा कैकेयी के कारण यह वही सांप है जिन्होंने राजा राम को भगवान राम के रूप में प्रत्यक्ष कर दिया।